आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

25.03.2024 समय : 1850

- लोक सभा चुनाव में चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।
- मतदान से एक दिन पहले मतदान टीम को नेताजी स्टेडियम से मतदान सामाग्रियां और ईवीएम जारी किया जाएगा।
- निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने पीठासीन अधिकारियों से मतदान की समाप्ति के बाद जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय एकत्र केन्द्र में ईवीएम को सौंपे जाने से पहले जरूरी फार्म भरने का अनुरोध किया है।
- रंगों का त्यौहार होली आज द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया।
- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का हाल ही में समापन हो गया।

<><><><><><><>

लोक सभा चुनाव में चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पोर्ट ब्लेयर तहसील के चुनाव ड्यूटी के कर्मचारियों के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम कल डीब्रेट के सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि मतदान कराने में ऐसे कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह जिम्मेदारी होती है कि वे अपने–अपने मतदान केन्द्रो में मतदान कराए और उन्हें मतदान प्रकिया की अच्छी तरह से जानकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के कंधे पर यह भी ज़िम्मेदारी है कि वे भारतीय चुनाव आयोग की ओर से जारी सभी निर्देशों का पालन करे, तथा मतदान की गोपनीयता और अखण्डता को बनाए रखे। श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि मतदान के दिन, मतदान से पहले मतदान बूथ का संचालन कर रहे अधिकारियों को सभी चुनाव प्रकिया को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि मतदान से एक दिन पहले मतदान टीम को नेताजी स्टेडियम से मतदान सामाग्रियां और ई वी एम जारी किया जाएगा और संबंधित अधिकरियों को अपने–अपने मतदान केन्द्र रवाना होने से पहले सभी सामानों का अच्छी तरह से जांच कर लेना होगा। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारियों को मतदान किट के महत्व के बारे में अवश्य समझना होगा और मतदान बूथ रवाना होने से पहले सभी चुनाव सामाग्रियों का दोबारा जांच कर लेनी होगी।

उन्होंने मतदान अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे नेताजी स्टेडियम से रवाना होने से पूर्व सभी मतदान सामाग्रियों की जांच के लिए अतिरिक्त समय ले ले, ताकि उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के दिन कोई शंका न रह जाए। श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को अपने–अपने बूथ में मतदान के लिए जरूरत के सभी सामानों के साथ अन्य सामानों की भी जांच करनी होगी। साथ ही वी.वी. पेड मशीनों को ऐसे स्थान पर स्थापित करना होगा, जहां सूरज की रोशनी सीधे न पडती हो। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो सके मतदान के दिन उम्मीदवारों या उनके एजेन्टों के सामने सुबह साढ़े पांच बजे बनावटी मतदान शुरू करना होगा। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे मतदान की समाप्ति और मतदान के बाद जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय एकत्र केन्द्र में ई.वी.एम. को सौंपे जाने से पहले जरूरी फार्म को जरूर भरे। स्रोत अधिकारी सोम नायडू ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम चुनाव ड्यूटी में तैनात पीठासीन अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को चुनाव कराने में उनकी भूमिका और ज़िम्मेदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अपने–अपने मतदान केन्द्रों में शान्तिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न कराने में पीठासीन अधिकारियों की अहम भूमिका है। चुनाव मैनुअल के अनुसार पीठासीन अधिकारी अपने–अपने बूथ के अन्दर पूरे प्रबंध को देखने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में सुबह ठीक सात बजे मतदान शुरू हो जाना चाहिए, जिसके लिए सभी मतदान अधिकारियों को अपने–अपने मतदान केन्द्रों में औपचारिकताओं की पूर्ति के लिए पहले से उपस्थित रहना होगा। इस अवसर पर डॉ. ए. अब्राहम ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से चुनावी प्रकियाओं की जानकारी दी।

<><><><><><><>

आगामी लोक सभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रेत कला के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप टीम की ओर से कार्बाइंसकोव में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान रेत पर "चुनाव का पर्व–देश का गर्व" संदेश का प्रदर्शन किया गया। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कार्बाइंस–कोव का दौरा कर उन्नीस अप्रैल को पहले चरण के तहत द्वीपों में होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्वीप टीम के प्रयासों की सराहना की।

उधर, ई वी एम और वी.वी. पेड मशीन के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान कर्मियों ने ईवीएम और वी.वी. पेड के संचालन के बारे में जानकारी हासिल की।

<><><><><><><>

रंगों का त्यौहार होली आज द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही रंग, गुलाल को लेकर लोगों ने होली खेली। बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। सावधानी पूर्वक होली खेलने के लिए घर के बडे लोग भी बच्चों के साथ थे। सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर उनके सुख–समृद्धि की कामना की। पडोसियों में मिठाईयों का वितरण किया गया और दोस्तों को भोज के लिए आमंत्रित किया गया। पोर्ट ब्लेयर के कार्बाइंस–कोव में होली खेलने और समुद्र में स्नान करने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और जमकर सभी लोगों ने होली का पर्व मनाया।

<><><><><><><>

जंगलीघाट दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से जंगलीघाट निवासी ईश्वर चन्द निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे बयासी वर्ष के थे। शवयात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

पंगुणी उत्सव का पर्व मनाए जाने के सिलसिले में बर्मानाला के श्री शिवन मन्दिर में कल दिन में दो बजे कावाडियों की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसका समापन श्री अंगाला परमेश्वरी मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय देंगे। उसके बाद अन्नदानम की व्यवस्था भी की गई है।

उधर, कार–निकोबार और डिगलीपुर के मुरूगन मन्दिर में कल पंगुणी उत्तरम के सिलसिले में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का हाल ही में समापन हो गया। इस मेले में दक्षिण और मध्योत्तर अण्डमान के विभिन्न गांवों से पांच सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थिति को संबोधित करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के बागवानी विज्ञान के पूर्व उप–महानिदेशक डॉ. एन. के. कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि थे, उन्होंने बागवानी फसलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने उपज से बेहतर आमदनी प्राप्त करने के लिए मूल्य संवर्धन और मान्यता प्राप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने उत्पादों को ब्रैण्ड अण्डमान का नाम देने को कहा ताकि उन्हें इसका लाभ मिल सकें। क्यारी के निदेशक डॉ. ई. बी. चाकुरकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में किसान मेला के सफल आयोजनों पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान पन्द्रह कृषकों को कृषि और संबद्ध क्षेत्र में प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आखिर में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वाई रामाकृष्णा ने दो दिवसीय किसान मेले पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

<><><><><><><>

गांधी ग्लोबल फैमिली अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह और ग्राम पंचायत नमूनाघर के सहयोग से कल निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. रोहिन्दर लाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में जरूरतमंद मरीजों में निःशुल्क दवाईयो का वितरण भी किया गया।

<><><><><><><>